पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

## स्वतंत्रता दिवस स्वच्छता अभियान: सम्पूर्ण पश्चिम मध्य रेल में चल रही स्वच्छता की विशेष गतिविधियाँ

# स्टेशनों, डिपो और कॉलोनियों में चलाए जा रहे जागरूकता व स्वच्छता अभियान

जबलपुर 8 अगस्त। पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा और दोनों कारखानों भोपाल एवं कोटा में 01 अगस्त से प्रारंभ किए गए "स्वतंत्रता दिवस महोत्सव-2025 स्वच्छता अभियान" के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख स्टेशनों, कार्यालयों, डिपो, कॉलोनियों व विभागीय परिसरों में स्वच्छता से संबंधित अनेक गतिविधियाँ सक्रिय रूप से संचालित की जा रही हैं। यह अभियान प्रथम चरण में 15 अगस्त 2025 तक चलेगा।

**इस अभियान के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल में प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर श्रमदान, गहन सफाई, जन-जागरूकता कार्यक्रम और स्वच्छता संबंधी निरीक्षण किए जा रहे हैं। साथ ही प्रमुख गतिविधियाँ की जा रही हैं।**

• स्टेशनों पर सफाई अभियान के तहत प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, टॉयलेट्स, जल निकायों और पटरियों की विशेष सफाई।
• रेलवे कॉलोनियों में निवासियों के सहयोग से सामूहिक श्रमदान और ठोस कचरा प्रबंधन पर जागरूकता।
• कार्यालय परिसरों में स्वच्छता निरीक्षण तथा वर्कस्पेस को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु प्रयास।
• स्टेशनों पर बैनर, पोस्टर एवं उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।
• कुछ प्रमुख स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक, रैली एवं 'स्वच्छ स्टेशन प्रतियोगिता' जैसी रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
• जल स्रोतों की सफाई एवं स्वच्छ पेयजल व्यवस्था पर विशेष बल दिया जा रहा है।

**जबलपुर मण्डल :-** मण्डल के प्रमुख स्टेशन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, सिहोरा रोड, जबलपुर, मदनमहल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया सहित अन्य स्टेशनों पर भी स्वच्छता अभियान से संबंधित श्रमदान, गहन सफाई, जन-जागरूकता कार्यक्रम जैसी अनेक गतिविधियाँ सक्रिय रूप से संचालित की जा रही हैं। रेलवे कालोनियों में श्रमदान कार्यक्रम में लोगों को खुले में कचरा न फेंकने, समय-समय पर घर के आसपास सफाई रखने, तथा मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी एवं विद्यार्थियों ने "स्वच्छता रैली" निकाली। रेलवे स्कुल रैली में बच्चों ने हाथों में स्वच्छता के प्रेरणादायक स्लोगन वाले पोस्टर एवं बैनर लिए हुए थे, जैसे – "स्वच्छता में ही ईश्वर का वास है", "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत", "हम सबका एक ही सपना – स्वच्छ हो भारत अपना" आदि। बच्चों ने नारे लगाते हुए कॉलोनी में घूमकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

**भोपाल मण्डल :-** मण्डल के प्रमुख स्टेशन इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, भोपाल, साँची, विदिशा, बीना, रुठियाई, गुना, अशोकनगर, हरदा सहित अन्य स्टेशनों पर भी स्वच्छता अभियान से संबंधित श्रमदान, गहन सफाई, जन-जागरूकता कार्यक्रम जैसी अनेक गतिविधियाँ सक्रिय रूप से संचालित की जा रही हैं।

**कोटा मण्डल :-** मण्डल के प्रमुख स्टेशन कोटा, सवाईमाधोपुर, डकनिया तलाव, लाखेरी, बारां, सालपुरा, छबरा गुगोर,अन्तः, गंगापुरसिटी, हिण्डौनसिटी, बयाना, श्रीमहावीर जी, झालावाड़सिटी, भरतपुर सहित अन्य स्टेशनों पर भी स्वच्छता अभियान से संबंधित श्रमदान, गहन सफाई, जन-जागरूकता कार्यक्रम जैसी अनेक गतिविधियाँ सक्रिय रूप से संचालित की जा रही हैं।

रेलवे प्रशासन यात्रियों एवं आमजन से अनुरोध करता है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दें और इस राष्ट्रव्यापी पहल को सफल बनाएं।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/283/2025 दिनांक 08.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर